महत्वपूर्ण/समयबद्ध

संख्या-1340/आठ-1-22-1440/2021टी0सी0

प्रेषक,

लाल धीरेन्द्र राव,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. आवास आयुक्त,
उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद,
लखनऊ।

2. उपाध्यक्ष,
समस्त विकास प्राधिकरण,
उ0प्र0।

3. अध्यक्ष/जिलाधिकारी,
समस्त विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण,
उ0प्र0।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-1 लखनऊः दिनांक 20 अक्टूबर, 2022

विषयः- विकास प्राधिकरण, औद्योगिक विकास प्राधिकरण, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद तथा नागर निकायों के क्षेत्रान्तर्गत स्थित सम्पत्तियों को यूनिक प्रापर्टी आई0डी0 (Unique Property ID) जनरेट किये जाने के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक सचिव, नगर विकास, अनुभाग-9 के पत्र संख्या-2029/नौ-9-2022-191ज/20 दिनांक 06.10.2022 (छायाप्रति संलग्न) का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, विकास प्राधिकरण, औद्योगिक विकास प्राधिकरण तथा नागर निकायों में स्थित सम्पत्तियों का 17 अंको का यूनिक कोड जनरेट किये जाने पे आवश्यकता पर बल देते हुए आगामी एक सप्ताह में अभियान चलाकर समस्त सम्पत्तियों की यूनिक कोड जेनरेट किये जाने की अपेक्षा की गयी है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपर्युक्त पत्र में उल्लिखित बिन्दुओं के संबंध में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए कृत कार्यवाही से शासन को यथाशीघ्र अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(लाल धीरेन्द्र राव)
संयुक्त सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निदेशक, आवास बन्धु को इस आशय से प्रेषित कि कृपया समस्त अभिकरणों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(धर्मेन्द्र कुमार पाठक)
अनु सचिव।

DVR/GO 2021